823. निम्नलिखित झीलों में से कौनसी झील मीठे पानी की झील नहीं है?

(a) कोलायत झील (b) छापरताल झील
(c) पचपदरा झील (d) जवाई झील

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (b व c) – उपर्युक्त विकल्पों में विकल्प (b) और (c) दोनों ही खारे पानी की झीलें है, अतः विकल्प (b) व (c) दोनों सही उत्तर होगें।
ताल छापर या छालतापर झील चुरू जिलें में स्थित खारे पानी तथा पचपदरा झील बाड़मेर जिले की खारे पानी की झील है जबकि कोलायत झील (बीकानेर), जवाई झील (पाली), पुष्कर (अजमेर) आदि मीठे पानी की झीलें है।

824. मालदेव की किस रानी ने मण्डोर के निकट 'बहुजी - रो - तालाब' का निर्माण करवाया था?

(a) हीरा - दे - झाली
(b) स्वरूप - दे - झाली
(c) उमा - दे - भटियानी
(d) पारबती सिसोदनी

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : स्वरूप-दे-झाली राव मालदेव की रानी थी। स्वरूप दे झाली ने मंडोर के पास 'बहुजी-रो-तालाब' का निर्माण करवाया था। राव मालदेव (1531-62 ई.) तक जोधपुर का शासक था। रावा जोधा की रानी जसमादे ने जोधपुर में 'राणीसर तालाब' का निर्माण करवाया था।

825. निम्नलिखित में से कौन सी झीलें सिंचाई के काम में ली-जाती है?

(a) पिछोला और आनासागर झीलें
(b) कोलायत और पुष्कर झीलें
(c) जयसमंद और राजसमन्द झीलें
(d) पचपदरा और सिलिसेढ़ झीलें

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) राजस्थान में दो प्रकार की झीलें हैं एक खारे पानी की दूसरी मीठे पानी की। इसमें मीठे पानी की झीलों का प्रयोग पेय जल एवं सिंचाई हेतु किया जाता है। राज्य की प्रमुख मीठे पानी की झीलें हैं- जयसमन्द, पिछोला, फतेहसागर (उदयपुर), राजसमंद (राजसमंद); आनासागर, पुष्कर (अजमेर), सिलीसेढ़ (अलवर); कोलायत (बीकानेर); नवलखा झील (बूंदी); गैव सागर (डूंगरपुर); कायलाना, बालसमंद झील (जोधपुर); बेरठा बांध (भरतपुर), नक्की झील (सिरोह) आदि।

826. निम्नांकित में से कौनसा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

(a) नक्की – सिरोही
(b) गडीसर – जैसलमेर
(c) उमेदसागर – जोधपुर
(d) तलवारा – गंगानगर

Puskalyadyaksh Grade III 2018 Exam-19.09.2020

Ans. (d) : तलवारा झील एक छोटी सी मौसमी झील है जो राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में घग्घर-हाकरा नदी के किनारे स्थित है। अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

827. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से अपना उत्तर चुनिए–

सूची-I	सूची-II
A. जलमहल झील	1. अलवर
B. पांडूपोल जलप्रपात	2. उदयपुर
C. लूणकसर झील	3. जयपुर
D. फतेह सागर झील	4. बीकानेर

कूटः

	A	B	C	D
(a)	3	1	4	2
(b)	1	3	4	2
(c)	1	3	2	4
(d)	3	4	1	2

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (a) : राजस्थान के प्रमुख जल स्त्रोत और जिलों का सुमेल निम्नलिखित है–

सूची-I	सूची-II
A. जलमहल झील	3. जयपुर
B. पांडूपोल जलप्रपात	1. अलवर
C. लूणकसर झील	4. बीकानेर
D. फतेह सागर झील	2. उदयपुर

828. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही नहीं है?

(a) छपरवाड़ा झील-जयपुर (b) ताल छापर झील-चुरू
(c) बाल समन्द - राजसमन्द (d) जयसमन्द - उदयपुर

RPSC-2022

Ans. (c) : सही सुमेलित है-

झील		जिला
(i) छपरवाड़ा झील	-	जयपुर
(ii) ताल छापर झील	-	चुरू
(iii) बालसमंद झील	-	जोधपुर
(iv) जयसमंद	-	उदयपुर

829. निम्नलिखित में से कौन-सी झील राजस्थान के राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम (NLCP) के अंतर्गत नहीं आती है?

(a) फतेह सागर झील (b) नक्की झील
(c) स्वरूप सागर झील (d) आना सागर झील

RPSC RAS/RTS 2018
Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022
Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022
Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019
कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (c) राष्ट्रीय झील संरक्षण कार्यक्रम (NLCP) केन्द्र प्रायोजित योजना के तहत राजस्थान की 6 झीलों को शामिल किया गया है-
फतेह सागर झील (उदयपुर), पिछौला झील (उदयपुर), आना सागर झील (अजमेर), पुष्कर झील (अजमेर), नक्की झील (सिरोही), मानसागर झील (जयपुर)
स्वरूप सागर झील (उदयपुर) इस योजना के अन्तर्गत शामिल नहीं है।